# चोरहटा से रतहरा रिंग रोड के अनावश्यक कट्स तत्काल बंद कराएं

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बनी रणनीति, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटना के दो ब्लैक स्पॉटों में सुधार का कार्य किया जा रहा है. अन्य स्थलों में भी साइन बोर्ड लगाने और स्पीड ब्रोकर बनाने का कार्य तत्परता से करें. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें.**




वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं. नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई करें. ई डॉर पोर्टल के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की मॉनीटरिंग करने पर इनमें धीरे-धीरे कमी आ रही है. राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चोरहटा से रतहरा रिंग रोड के अनावश्यक कट्स तत्काल बंद कराएं. जय स्तंभ चौक पर सड़क को चौड़ा करने, रोटरी को छोटा करने तथा यातायात को सुगम बनाने के अन्य उपायों पर तत्परता से कार्यवाही करें. माडल रोड में रेलवे ओवर ब्रिज से बायपास के बीच तीन बड़ी कालोनियों के सामने स्पीड ब्रोकर बनाएं. वाहनों की अधिक गति के कारण यहाँ अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं. बैठक में एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक विनोद तंतुवाय ने बताया कि सोहागी घाट के सुधार के लिए टेण्डर की कार्यवाही की जा रही है. निर्माणाधीन बायपास में भी साइन बोर्ड पर्याप्त संख्या में लगाए गए हैं.

बैठक में ऑल इंडिया परमिट बसों के बस स्टैण्ड में प्रवेश पर कार्यवाही, बस संचालकों के साथ बैठक करके पुराने और नए बस स्टैण्ड में सड़कों पर सवारी बैठाने पर रोक संबंधी कार्यवाही तथा यातायात नियमों के प्रचार-पसार के संबंध में निर्णय लिया गया.

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, प्रभारी डीएफओ नितेश खण्डेलवाल, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी मौजूद रहे.

### भीड़ वाली सड़कों पर ई-रिक्शा को रोकें : चौहान

बैठक में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि जिला परिवहन अधिकारी, नगर निगम आयुक्त तथा पुलिस के अधिकारी मिलकर ई रिक्शा और आटो रिक्शा को व्यवस्थित कराएं. भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर ई रिक्शा को प्रतिबंधित करके यातायात सुगम करें. रीवा-हनुमना तथा मनगवां-प्रयागराज हाईवे में कई जगह ढावा संचालकों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कट बना लिए गए हैं. इन्हें बंद कराने के साथ अवैध कट्स बनाने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई करें.

# दो पूर्व सरपंच सहित चार के विरुद्ध वारण्ट जारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के दो पूर्व सरपंच सहित अन्य चार व्यक्तियों के विरूद्ध निर्माण कार्य की राशि का अपभक्षण करने व राशि न जमा करने पर वारंट जारी किया है.**

जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत अकौरी की पूर्व सरपंच श्रीमती ललिता देवी एवं ग्राम पंचायत हरदोली के पूर्व सरपंच रमेश कुमार के साथ ही अकौरी के पूर्व सचिव राजकुमार प्रजापति व श्रीमती प्रतिभा उरमलिया, पूर्व सहायक लेखाधिकारी जनपद जवा राजबहोर मिश्रा एवं प्रोपराइटर अवधेश ट्रेडर्स जवा अवधेश सिंह के विरूद्ध वारंट जारी कर थाना प्रभारी को संबंधितों को सेंट्रल जेल रीवा में सुपुर्दगी किए जाकर अवगत कराने के आदेश दिए हैं.

**सचिव का वित्तीय अधिकार समाप्त**-जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत हनुमना की ग्राम पंचायत बरावं के सचिव शिवनारायण साकेत के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए हैं. श्री साकेत सचिवीय कार्य यथावत करते रहेंगे. ग्राम पंचायत सचिव श्री साकेत द्वारा विकास कार्यों के लिए आवंटित चार लाख 56 हजार 720 रुपए की राशि का अवैध रूप से आहरण किया गया. प्रकरण की जाँच कराए जाने पर श्री साकेत को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया. अवैध रूप से आहरित राशि जमा करने तक श्री साकेत के वित्तीय अधिकार समाप्त रहेंगे.

### ग्राम पंचायत सचिव का वित्तीय अधिकार समाप्त

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत जवा के ग्राम पंचायत सचिव इटौरी एवं ग्राम पंचायत बाबा की बरौली (अतिरिक्त वित्तीय प्रभार) हरिहर बारी के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए हैं. सचिव द्वारा पूर्व में जनपद पंचायत जवा की ग्राम पंचायत लूक में पद पर रहते हुए वित्तीय अनियमितता की गई थी. जाँच कराए जाने पर सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है. जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा राशि की वसूली होने तक सचिव का ग्राम पंचायत इटौरी एवं ग्राम पंचायत बाबा की बरौली (अतिरिक्त वित्तीय प्रभार) के वित्तीय अधिकार समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं. श्री बारी वर्तमान में ग्राम पंचायत के अन्य सचिवीय कार्य यथावत करते रहेंगे.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री रेल परियोजना की आज करेंगे समीक्षा

**रीवा,** ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अन्तर्गत सीधी एवं सिंगरौली जिले के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक 30 जनवरी को आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे. बैठक नवीन सर्किट हाउस रीवा के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से होगी. बैठक में संभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत जवा के उपयंत्री राजेश साकेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. एक बगिया माँ के नाम परियोजना की समीक्षा के दौरान उपयंत्री द्वारा अपेक्षित प्रगति न होने तथा श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान व सामग्री का भुगतान न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिए गए हैं.

### राष्ट्रीय न्यास एलएलसी की बैठक 4 फरवरी को

**रीवा,** राष्ट्रीय न्यास लोक लेवल कमेटी की बैठक 4 फरवरी को आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कमेटी की चेयरपर्सन श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी. बैठक सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गई है. बैठक में विधिक संरक्षक के आवेदनों पर विचार, निरामया बीमा, लीगल गार्जियनशिप के बारे में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में चर्चा की जाएगी. कमेटी के संयोजक शशिधरमणि त्रिपाठी ने बैठक में समिति के सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है.

### मुख्यमंत्री दौरे के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जिले में 31 जनवरी को दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री जी के दौरे से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न अधिकारियों को तैनात किया है. अधिकारियों को रीवा एयरपोर्ट, सर्किट हाउस, गुढ़ हेलीपैड, कार्यक्रम के मुख्य मंच की संपूर्ण व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भैरव बाबा मंदिर परिसर में तैनात किया गया है. सभी अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं.

### छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रीवा,** रावे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रुप-बी के छात्रों द्वारा विध्यांचल क्रॉप प्रोसेसर लिमिटेड कंपनी, बोदाबाग रीवा का शैक्षणिक भ्रमण किया गया. इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य फसल प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन तथा विपणन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करना. भ्रमण के दौरान छात्रों को कंपनी में संचालित विभिन्न प्रसंस्करण इकाइयों की जानकारी दी गई. इसमें सरसों तेल प्रसंस्करण के अंतर्गत बीजों की सफाई, तेल निकालने की प्रक्रिया, फिल्ट्रेशन एवं पैकिंग कार्य को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया. इसके साथ ही कोदो एवं कुटकी प्रसंस्करण इकाई में कच्चे अनाज की सफाई, भूसी निकालना, ग्रेडिंग तथा पैकिंग की प्रक्रिया को समझाया गया. इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को फसल प्रसंस्करण की वास्तविक जानकारी, मशीनों की कार्यप्रणाली, मूल्य संवर्धन का महत्व तथा किसानों की आय बढ़ाने की तकनीकों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ.

### जनगणना कार्य के लिए कर्मचारी तैनात

**रीवा,** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशों के अनुसार जनगणना कार्य किया जाएगा. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनगणना कार्य के लिए कर्मचारी तैनात किए हैं. तहसील त्योंथर में सहायक ग्रेड तीन अमरेन्द्र कुमार मिश्रा तथा रामभुवन कोल एवं तहसील जवा में पीसीओ श्यामशंकर सिंह तथा सहायक ग्रेड तीन दीपेन्द्र कुमार तिवारी को तैनात किया गया है. तहसील सिरमौर में सहायक ग्रेड तीन अरूण शुक्ला एवं प्राथमिक शिक्षक अजय कुमार सोनी, तहसील मनगवां में प्रवाचक राजेश पाण्डेय, तहसील सेमरिया में जनगणना सहायक मनोज कुमार शर्मा तथा तहसील हुजूर ग्रामीण में सहायक ग्रेड तीन किरण रावत को तैनात किया गया है.




### किसानों की मोटर साइकिल रैली को दिखाई हरी झण्डी

**रीवा,** अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने किसानों की मोटर साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप मनाया जा रहा है. किसानों को कृषि कार्यों के लिए जागरूक करने के लिए कृषि रथ भी संचालित किये जा रहे हैं. किसान मोटर साइकिल रैली शहर के विभिन्न मार्ग से होकर गुजरी.

# गौवंश की हत्या मामले में तीन पर प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, मऊगंज जिले के ग्राम जिलहड़ी में गौवंश के साथ की गई बर्बरता ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है.**

27 जनवरी की रात करीब 9 बजे स्कूल के पास स्थित बगीचे में एक मासूम बछड़े को रस्सी से बांधकर धारदार हथियार से बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया. आरोपियों ने बछड़े के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर मांस बोरी में भर लिया, और सिर, सींग, पैर व पूंछ मौके पर छोड़कर फरार हो गए. सुबह जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो खून से सना बगीचा और पड़े अवशेष देखकर हर कोई सन्न रह गया. फरियादी शिवम सिंह की शिकायत पर नईगढ़ी पुलिस हरकत में आई और आरोपियों हीरा साकेत, मिट्ठू साकेत और मझीले साकेत के घरों की तलाशी के दौरान गौमांस से भरी बोरी तगाड़ी बरामद की गई. पुलिस ने आरोपियों पर धारा बीएनएस और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश की आग जल रही है. ग्रामीणों का साफ कहना है यह सिर्फ हत्या नहीं, आस्था पर हमला है, इसके दोषियों को सजा मिले. वही जानकारी लगते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे. जिन्होने आरोपियों के खिलाफ सख्त सेसख्त कार्यवाही की मांग की है.



# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विधायक तथा कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री भैरवनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करके मंदिर में ध्वज चढ़ाएंगे.**

इसके बाद मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. समारोह में निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा. विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया. कलेक्टर ने मंदिर परिसर, मुख्य कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया. मंदिर के लोकार्पण के समय सीमित संख्या में लोगों को मंदिर में प्रवेश दें. समारोह में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे. उनके बैठने, पेयजल और सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करें. वाहनों के पार्किंग स्थल रैम्प बनाकर आवागमन सुगम कराएं. इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, कार्यकारी संचालक आईडीसी यूके तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# कार्रवाई के डर से तीन बड़े बकायादारों ने मौके पर चुकाया टैक्स

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है.**

वसूली अभियान को तेज करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज जोन क्रमांक-03 वार्ड क्र. 15 अंतर्गत कार्यवाही के दौरान हीरामणि शुक्ला की बकाया सम्पत्तिकर राशि 107880 रू., अमित कुमार दुबे की बकाया सम्पत्तिकर राशि 42249 रू. एवं संजीव सिंह की बकाया सम्पत्तिकर राशि 105594 रू. तत्काल मौके में चेक/नकद के माध्यम से जमा की गई. इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी उपस्थित रहे.



**बिना अनुमति संचालित बारात घर में जड़ा ताला** - निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा अनाधिकृत रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध कार्यवाही अभियान लगातार जारी है. इसी क्रम में नगर निगम टीम द्वारा वार्ड क्र. 08 अंतर्गत बिना नगर निगम के अनुज्ञा प्राप्त किए हुए संचालित बारात घर पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए बाला जी मैरिज गार्डेन पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई.

### संगोष्ठी कांग्रेस कार्यालय में आज

**रीवा, 29 जनवरी,** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे 30 जनवरी को सांय 03:00 बजे आयोजित किया गया हैं. संगोष्ठी मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर कांग्रेस जनों द्वारा प्रकाश डाला जावेगा. जिला अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने पहुंचने की अपील की है.

# कानून व्यवस्था के लिए जोनल प्लान 10 दिन में बनाएं

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व तथा पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर कानून व्यवस्था की निगरानी करें.**

कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं में दिए गए निर्देशों का तत्परता से पालन करें. शहरी क्षेत्र की संकरी गलियों, संवेदनशील बस्तियों में कानून व्यवस्था की निगरानी के लिए जोनल प्लान 10 दिन में तैयार करें. आयुक्त नगर निगम संकरे मार्गों में अवैध निर्माण हटाने के लिए कार्रवाई करें.

अपर कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर निगम के अधिकारी मिलकर शहरी क्षेत्र की तंग बस्तियों का चिन्हांकन करें. कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई करें. बैठक में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं. खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन पर संयुक्त रुप से कार्यवाही करें.

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को प्रभावी रूप से लागू करें. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

# प्राकृतिक खेती में रीवा का नाम रोशन करने में किसान आगे आएं : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जनवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्राकृतिक खेती में रीवा का नाम रोशन करने में किसान आगे आयें और अपने स्वयं एवं परिवार के स्वास्थ्य के साथ जमीन के स्वास्थ्य के लिये प्राकृतिक खेती को अपनायें.**

उप मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत मरहा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए. उन्होंने 37.50 लाख रूपये की लागत से निर्मित पंचायत भवन (अटल सेवा सदन) का लोकार्पण किया. श्री शुक्ल ने घोषणा की कि मरहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित होगा. उप मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण करें और वहां प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र में प्राकृतिक खेती के गुर सीखें और अपनी कृषि योग्य भूमि में से कुछ भाग में इसे अपनाकर लाभ लें इससे आने वाली पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा. श्री शुक्ल ने कहा कि बसामन मामा के प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र की देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सराहना की है. यह देश के तीन उत्कृष्ट गौसंरक्षण केन्द्र व प्रशिक्षण केन्द्र के तौर पर है. प्रधानमंत्री ने भी गत वर्षों में रीवा के अपने भ्रमण के दौरान प्रस्तुत धरती माता की पुकार नाटिका के मंथन को गंभीरता से देखा था और अपेक्षा की थी कि किसान प्राकृतिक खेती अपनायें. रीवा जिले में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री की मंशानुरूप प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये गये हैं. बसामन मामा, हिनौती गौधाम व हरिहरपुर में प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण केन्द्रों में आसपास के किसानों को लाभ मिलेगा और वह इससे सीखकर अपने खेत में प्राकृतिक खेती कर सकेंगे. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किसानों सम्मानित भी किया. कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष संगीता यादव, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय मौजूद रहे.




पंचायत भवन (अटल सेवा सदन) का लोकार्पण करते उप मुख्यमंत्री

# गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने पर 8 संचालकों को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 29 जनवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन जिले में गौशाला संचालन में लापरवाही बरतने पर 8 ग्राम पंचायत संचालकों को नोटिस जारी किया है.**

नोटिस का जवाब सात दिवस के भीतर प्रस्तुत न करने पर अनुशासनात्मक, अनुबंध समाप्ति और वसूली की कार्रवाई की जाएगी. जारी नोटिस के अनुसार विभिन्न अधिकारियों द्वारा पंचायतों में संचालित गौशालाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान 8 ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं के संचालन में लापरवाही पाई गई जिस पर संबंधित गौ संचालकों को नोटिस जारी किया गया है. जिन गौ संचालकों को नोटिस जारी किया गया है उनमें अम्बेडकर स्वसहायता समूह ग्राम पंचायत पनिगवां, संचालक ग्राम पंचायत बलभद्रगढ़, अमरीश मिश्रा अटरिया शिवप्रसाद, श्रीमती राजकली मिश्रा पांती मिश्रान, संचालक पिपराही, संचालक गनिगवां, संचालक शिवराजपुर एवं संचालक सरैहा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है.

**छात्रावास अधीक्षक को दिया नोटिस**-कलेक्टर संजय कुमार जैन ने प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी अधीक्षक शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास पिपराही रामानुज यादव को सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की पुष्टि होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. वायरल वीडियो में छात्रावास में छात्रों व छात्राओं के अमर्यादित नृत्य से शासकीय संस्थान की गरिमा के प्रतिकूल होने सहित शासन व प्रशासन की छवि धूमिल होने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी किया है.

### उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को नोटिस

कलेक्टर ने उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. ग्राम पंचायत बेलहा, रमकुड़वा, हाटा, बधैला एवं मलैगवां की गौशालाओं में बिना सत्यापन राशि आहरित किये जाने तथा रात को गौवंश छोड़ने पर किसानों की फसल क्षतिग्रस्त कराये जाने में पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये.